प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 21.05.2024 समय 18.30

- **पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू से झुलसा–मौसम विभाग की आगामी तीन दिन के लिए और तेज लू की चेतावनी।**

- **लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल साठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने वोट डाले।**

- **प्रदेश के हज यात्रियों की पहली फ्लाइट आज जयपुर से जेद्दाह के लिए रवाना–इस बार करीब 4 हजार लोग हज पर जायेंगे।**

- **श्रीगंगानगर जिले में इस बार समर्थन मूल्य पर गेहूं की दोगुनी खरीद।**

00000

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू से झुलस रहा है। पिछले एक सप्ताह से अधिकतर स्थानों पर दिन का पारा सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस उपर मापा जा रहा है। गर्मी और लू का प्रकोप आज भी जारी रहा। जयपुर समेत राज्य के ज्यादातर जिलों में दिन का तापमान 45 से 47 डिग्री तक पहुंच मापा जा रहा है। दिन के साथ रात का पारा भी सामान्य से तीन से चार डिग्री उपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। आसमान से बरसती आग ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। चूरू में तेज़ धूप और गर्मी को देखते हुए ज़िला प्रशासन द्वारा सड़कों पर पानी का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

.....

बीकानेर में भीषण गर्मी के मद्देनजर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले के सभी सरकारी दफ्तरों, स्कूलों अस्पतालों, बस स्टैण्ड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न स्रोतों के माध्यम से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जोधपुर. शहर में लू के कारण राहगीरों का सड़क पर निकलना दूभर हो गया है। ऐसे में जोधपुर की टेंट एसोसिएशन ने नवाचार कर अनेक चौराहों पर छायादार टेंट लगाये गये हैं। शास्त्री नगर थाना की ट्रैफिक लाइट्स पर दुपहिया वाहन चालकों को धूप से बचाने के लिए ट्रस लगाकर उसे कवर किया गया है।

सवाई–माधोपुर जिले में भीषण गर्मी के चलते जिला कार्यालयों में रोजाना की जाने वाली जनसुनवाई के समय में बदलाव किया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य ने बताया कि जनसुनवाई अब दोपहर 3 बजे के स्थान पर शाम 5 बजे से 6 बजे तक होगी। दौसा में प्रचंड गर्मी के चलते लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है और सुबह 9 बजे के बाद से ही बाजार सूने नजर आते हैं। लू और गर्मी को देखते हुए झालावाड़ में चंद्रभागा नदी के तट पर लगने वाला राज्यस्तरीय पशु मेला स्थगित कर दिया गया है।

......

जैसलमेर में भी गर्मी के कारण दिन में कर्फ्यू जैसे हालात है। भरतपुर में भी भीषण गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न जतन किये जा रहे हैं। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आगामी तीन चार दिन प्रदेश में लू का प्रकोप जारी रहेगा। केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी तीन दिन के लिए बहुत भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

0000

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल साठ प्रतिशत से अधिक लोगों ने मतदान किया। इस चरण में छह राज्यों की 49 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, ओडिसा और बिहार की 5–5, झारखंड की 3 तथा जम्मू और कश्मीर और लद्दाख की 1–1 सीट शामिल हैं। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस चरण में कुल छह सौ 95 उम्मीदवार मैदान में थे। जम्मू–कश्मीर के बारामूला में, 56 दशमलव सात–तीन प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले 35 वर्षों में सर्वाधिक है। लद्दाख में 69 दशमलव छह–दो प्रतिशत मतदान हुआ। पांचवें चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही अब तक 25 राज्यों में चार सौ 28 लोकसभा सीट के लिए मतदान पूरा हो गया है। अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम, आंध्रप्रदेश और ओडिशा की 63 विधानसभा सीटों के लिए भी मतदान संपन्न हो गया है।

00000

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि आज आतंकरोधी दिवस के रूप में मनायी जा रही है। ये दिन बलिदान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। आतंकी संगठन एलटीटीई ने 21 मई,1991 को चेन्नई के पास श्रीपेरम्बुदूर में आत्मघाती बम हमले में श्री गांधी की हत्या कर दी थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी नई दिल्ली में राजीव गांधी के समाधि–स्थल वीर भूमि पर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धाजंलि दी गयी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न धर्मगुरूओं ने धार्मिक ग्रन्थों का वाचन किया। नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा ने आज बलिदान दिवस मनाया। सवाईमाधोपुर जिले में जिला और ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन हुआ। भरतपुर, और पाली सहित विभिन्न स्थानों पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं और पुष्पांजलि कार्यक्रम हुए। केकड़ी जिले के टोड़ारायसिंह कस्बे में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। टोंक में विचार गोष्ठी हुई।

0000000

प्रदेश के हज यात्रियों की पहली फ्लाइट ने आज जयपुर के सांगानेर एयरपोर्ट से जेद्दाह के लिए उड़ान भरी। इस फ्लाइट में कुल 433 हज यात्री शामिल है। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा हज पर जा रहे लोगों के लिये विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। जयपुर एयरपोर्ट से 27 मई तक प्रदेश के करीब 4000 हज यात्री मदीना के लिए उड़ान भरेंगे। इस बार मई महीने में 9 फ्लाइट सीधे मदीना जायेंगी।

00000

प्रदेश में टीबी के उपचार में काम आने वाली सभी आवश्यक दवाइयों की सुचारू आपूर्ति की जा रही है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि टीबी संक्रमितों का प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार से कुछ समय के लिए राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम में दवाओं की आपूर्ति प्रभावित होने पर प्रदेश में बफर स्टॉक के माध्यम से टीबी उपचार के लिए दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई। श्रीमती सिंह ने बताया कि चिकित्सा विभाग की ओर से इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि टीबी पहचान व उपचार सेवाओं की गतिविधियों की सघन मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

0000

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जा रही है। राजफैड और भारतीय खाद्य निगम की ओर से जिलों में बनाये गये खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसल लेकर पहुंच रहे हैं। हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि जिले में इस बार समर्थन मूल्य पर पिछले साल की तुलना में दोगुनी खरीद हुई है।

00000

बूंदी जिले में रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित गांवों के विस्थापन के संबंध में आज जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि कोर क्षेत्र में स्थित गांवों के विस्थापन के लिए भरे गए आवेदनों में मुआवजे संबंधी कार्यवाही शुरू की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग के अधिकारी, तहसीलदार और पटवारी संबंधित गांवों में पहुंचकर विस्थापन के लिए ग्रामीणों की बेहतर तरीके से समझाइश करें। बैठक में उप वन संरक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि विस्थापितों के सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

00000

श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ क्षेत्र में बांध में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। हादसा सदर थाना क्षेत्र के गांव सरदारगढ़ में हुआ। जानकारी के अनुसार डैम में पानी लेने के लिए पहले एक युवक उतरा। अचानक पैर फिसलने से युवक डैम में गिर गया। अपने साथी को बचाने की कोशिश में दूसरा युवक भी डूब गया। घटना की सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शवों को निकाल पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिए।

0000

पाली जिले के सुमेरपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में आज महिलाओं को जागरूक करने के लिये अन्नप्राशन का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को बच्चों के लिए पौष्टिक आहार के बारे में बताया गया। इस दौरान महिलाओं को रंगोली बनाकर और पौष्टिक खाद्य वस्तुए सजाकर जागरूक किया गया।

00000

आज विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस है। इसका आयोजन दुनियाभर की संस्कृतियों की खूबियों और शांति तथा टिकाऊ विकास में भिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद की भूमिका को उजागर करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि दुनिया के 90 प्रतिशत संघर्ष अलग–अलग संस्कृति के लोगों के बीच संवाद कम होने के कारण ही हैं। संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन–यूनेस्को के अनुसार, सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्र को लोक नीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में समुचित स्थान नहीं मिल पाया है। इस दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विविधता की समझ विकसित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

00000